तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 जुलाई 2024

पावर छीनने से पार्षदों में रोष आंदोलन तेज करने का ऐलान 10



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्जनपुर होगा हरा-भरा 10



## सीएम फ्लाइंग ने बिजली सब डिवीजन पिल्लूखेड़ा का किया औचक निरीक्षण

# एक कर्मचारी गैर हाजिर, 37.35 करोड़ की रिकवरी बकाया मिली

### सीएम फ्लाइंग को बिजली निगम का कार्य संदेहजनक होने की सूचना मिली थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को पिल्लूखेड़ा बिजली सब स्टेशन का औचक निरीक्षण किया । जिसमें एचकेआरएन तहत लगा कर्मी एक जून से अनुपस्थित पाया गया। 226 बिजली कनेक्शन प्रकिया मे मिले। जबकि 41 आवेदन रद करने पाए गए। विभाग की कुल 37 करोड़ 35 लाख 65 हजार रुपये की रिकवरी बकाया मिली। जिसमे कनेक्टिड डिफाल्टर 8943 की तरफ 23 करोड 85 लाख 96 हजार रुपये, पांच हजार से ज्यादा राशि के 1231 केसों की तरफ लगभग 16 करोड़ की राशि बकाया मिली। विभाग द्वारा डिफाल्टर उपभोक्ताओं को नोटिस देने भी पाए गए। शिकायतों का निपटान सही पाया गया। सीएम फ्लाइंग ने निरीक्षण के दौरान मिली खामियों की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि सब डिवीजन में बिजली निगम का कार्य संदेहजनक है। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर सतपाल सिंह, चरण सिंह, सिपाही विक्रम के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया। जिसमें बिजली निगम के एसडीओ हरजिंद्र को भी शामिल किया गया। टीम ने बिजली सब डिवीजन में दस्तक देने के साथ हाजरी रजिस्टर को कब्जे में ले लिया। जिसमें 18 कर्मियों में से एक कर्मी एक जून से गैरहाजिर पाया गया। रिकार्ड खंगालने पर बिजली कनेक्शन के 1368 आवेदन मिले। जिसमें से 226 कनेक्शन प्रकिया मे मिले। जबकि 41 को रद्द किया था अन्य को कनेक्शन जारी किए गए थे। डिफाल्टर कनेक्टिड 8943 उपभोक्ता की तरफ लगभग 24 करोड़ की राशि बकाया पाई गई। जिनको अगले बिल में जोड़ गया है। डिफाल्टर उपभोक्ताओं से 19 लाख रुपये की राशि रिकवरी होनी पाई गई। मीटर जलने की 1054 शिकायत मिली। 1051 मीटरों को बदला गया है। 131 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। पीडीसीओ डिफाल्टर केस 2831 केस पाए गए। जिनकी तरफ लगभग 16 करोड़ रुपये बकाया पाए गए। 23 मामले अदालत में विचाराधीन मिले। कुल 37 करोड़ 35 लाख 65 हजार रुपये की रिकवरी बकाया पाई गई। अबतक विभाग को 12 शिकायतें मिली। जिसमें सात का निपटान होना पाया गया। जबकि तीन पैंडिंग पाई गई। दो मुख्यालय भेजना पाई गई।



जींद। जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो :हरिभूमि

#### रिपोर्ट मुख्यालय भेजी

*सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि पिल्लूखेड़ा बिजली सब डिवीजन का औचक निरीक्षण किया था। जो खामियों मिली उनकी रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी गई है।*

#### कलायत बिजली निगम कार्यालय पर सीएम उडनदस्ते की रेड



कलायत। कलायत में शुक्रवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ते द्वारा बिजली निगम उप मंडल कार्यालय पर की गई छापा कार्यवाही ने खुद टीम को चौंका दिया। हालांकि अचानक टीम की दस्तक से विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों में हडकंप थी। जब उड़नदस्ते ने रिकार्ड खंगालना शुरू किया तो होश उड़ गए। कलायत उपमंडल में पांच हजार से ऊपर की राशि के 5447 मीटर डिफाल्टर पाए गए। इनकी तरफ 24 करोड़ 37 लाख रुपए की डिफाल्टर राशि बकाया है। मुख्यमंत्री उड्नदस्ता के प्रभारी डीएसपी रविंद्र शर्मा ने चैकिंग के दौरान 1 जनवरी से लेकर अब तक निगम कार्यालय में सीएम विंडो के तहत आई शिकायतें और इन पर लिए गए संज्ञान की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इसके साथ ही टीम द्वारा बकाया बिलों के साथ-साथ नए कनेक्शनों के आवेदनों, स्थायी-अस्थाई कनेक्शन, पांच हजार से अधिक बिल के डिफाल्टर मीटर और विभिन्न अन्य कार्यों के साथ-साथ को जांचा गया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश सूचनाएं लगभग दुरुस्त पाई गईं। जो कमियां सामने आई हैं उका विवरण तैयार करते हुए मुख्यालय भेजा जाएगा।



जींद। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर।

## जींद: किराये के मकान पर पुलिस का छापा, नौ क्विंटल डोडा पोस्त बरामद

- छत्तीसगढ़ से तस्करी कर लाई थी खेप, पंजाब में किया जाना था स्पलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीआईए स्टाफ ने गांव निर्जन के निकट एक मकान पर छापेमारी कर लगभग नौ क्विंटल डोडा पोस्त तथा चूरा पोस्त बरामद कर दो तस्करों को काबू किया है। डोडा पोस्त तथा चूरा पोस्त को किराये के मकान में भंडारण किया था। जिसे छत्तीसगढ़ से तस्करी कर लाया गया था। पकड़े गए डोडा पोस्त तथा चूरा पोस्त की कीमत लगभग 40 लाख रुपये आंकी जा रही है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों तस्करों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव बडरूखा जिला संगरूर निवासी रिंकू तथा गांव कहावता पंजाब हाल आबाद बाबरा मोहल्ला रोहतक निवासी सिंदरपाल उर्फ सिंदर नशीले पदाथार्ं की तस्करी करते हैं। जिन्होंने ने गांव निर्जन के निकट गांव कोथ कलां निवासी सुरेश को मकान किराये पर लिया हुआ है। जिसमें आरोपितों ने नशीले पदार्थ का भंडारण किया हुआ है। आरोपित नशे को पंजाब तथा आसपास के इलाके में सप्लाई करते हैं। सीआइए स्टाफ ने सिंदर तथा रिंकू को पंजाब नंबर की पिकअप गाड़ी समेत काबू कर लिया। जब पुलिस ने आरोपितों से मकान की चाबी लेकर तलाशी ली तो एक कमरे में आठ कट्टे रखे मिले। जिनमें सात कट्टो में चूरा पोस्त तथा एक कट्टे में डोडा पोस्त पाया गया। जब दूसरे कमरे की तलाशी ली गई तो उसमें 60 कट्टे डोडा पोस्त के पाए गए। जिनका वजन करने पर नौ क्विंटल पाया गया।

#### कीमत 40 लाख रुपये


डीएसपी रोहताश ढुल ने बताया कि डोडा पोस्त को छत्तीसगढ़ से तस्करी कर लाया गया था। जिसे पंजाब तथा आसपास के इलाके में स्पलाई किया जाना था। पकड़े गए नशे की खेप की कीमत लगभग 40 लाख रुपये है। आरोपितों से नशे के नेटवर्क के बारे मे पूछताछ की जा रही है।

## जिप अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर डीसी से मिले पार्षद

### 19 जुलाई की तिथि निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

जिला परिषद अध्यक्ष दीप मलिक के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 15 पार्षद शुक्रवार को सप्त पत्र लेकर कैथल के उपायुक्त प्रशांत पंवार से मिले। उन्होंने डीसी प्रशांत पंवार को शपथ पत्र सौंपकर चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए हाउस की बैठक बुलाने की मांग की है। हरियाणा पंचायती राज की धारा 1994 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपायुक्त प्रशांत पंवार ने अविश्वास की बैठक को लेकर 19 जुलाई दोपहर बाद 3 बजे का समय दिया है। यह बैठक जिला परिषद कैथल के सभागार में आयोजित होगी। इस बारे सभी पार्षदों को सूचित कर दिया गया है।




## ट्रैक्टर ने मारी छात्राओं से भरी ई-रिक्शा को टक्कर

### आठ छात्राएं घायल, ई-रिक्शा चालक की स्थिति गंभीर, पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों

नगर के असंध रोड स्थित गांव खेड़ा खेमावती के पास एक ट्रैक्टर चालक ने पीछे से ई-रिक्शा को टक्कर दे मारी। परिणामस्वरूप रिक्सा पलट गई और उसमें बैठी करीब आठ स्कूली छात्राएं व ई-रिक्शा चालक नीचे दब गए। आनन-फानन में आसपास खेतों में धान रोप रही महिलाएं मौके पर पहुंची और ई-रिक्शा को सीधा करके उसके नीचे दबी छात्राओं व रिक्शा चालक को बाहर निकाला।



ये छात्राएं गांव मलिकपुर से सफीदों के राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पढ़ने के लिए जा रही थी। घायल छात्राओं में से तीन की पहचान रितु, रेनू व जन्नत निवासी मलिकपुर तथा ई-रिक्शा चालक की पहचान रघुवीर निवासी सिंगलपुरा कालोनी सफीदों के रूप में हुई है। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। घायल छात्राओं व ई-रिक्शा चालक को सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां पर छात्राओं को उपचार देकर छुट्टी दे दी गई और गंभीर रूप से घायल ई-रिक्शा चालक को प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया गया।

**घायल के बयान पर आगामी कार्रवाई होगी:** मिली जानकारी के अनुसार उपमंडल के गांव मलिकपुर से 11वीं कक्षा की छात्राएं हर रोज की भांति ई-रिक्सा में बैठकर सफीदों के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पढ़ने के लिए जा रही थी। जैसे ही उनकी ई-रिक्शा गांव खेड़ा खेमावती के नजदीक पहुंची तो पीछे से एक ट्रैक्टर आया और ई-रिक्शा को टक्कर दे मारी। बताया जाता है कि ट्रैक्टर के पीछे एक बड़ी हैरो बंधी हुई और उसमें तेज ध्वनि में गाने बज रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर ओवरटेक करके ई-रिक्शा के बराबर से गुजरा तो हैरो ई-रिक्शा में उलझ गई और ई-रिक्शा को पलट दिया। ई-रिक्शा के पलटते ही बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में धान लगा रही महिलाएं एकदम से दौड़ कर मौके पर पहुंची और पलटी हुई ई-रिक्शा को सीधा करके छात्राओं व ई-रिक्शा चालक को बाहर निकाला। सभी घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां से छात्राओं को उपचार प्रदान करके छुट्टी दे दी गई और ई-रिक्शा चालक को गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया गया। ई-रिक्शा चालक रघुबीर के शरीर के एक हिस्से में अधिक चोटें बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही थी। सदर थाना प्रभारी आत्माराम ने कहा कि मामले में जल्द ही पुलिस घायल के बयान दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाएगी।

## हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

- जिला बार एसोसिएशन कैथल ने की हड़ताल, जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रधान विकास मलिक का लाइसेंस रद्द करने और बार एसोसिएशन होडल के प्रधान हरवीर सिंह तंवर पर हुए हमले के दोषियों को गिरफ्तार न करने के विरोध में आज जिला बार एसोसिएशन कैथल ने पूर्ण हड़ताल रखी। आज कोई भी वकील अदालतों में पेश नहीं हुए और ना ही कोई काम किया। आज के केसों में तारीख लेने के लिए एसोसिएशन की ओर से प्रोक्सी कौंसिल नियुक्त किए गए थे। हालांकि वर्क सस्पेंड के कारण आज मुवक्किलों को दिक्कत हुई लेकिन वकीलों और अदालतों ने हड़ताल में सहयोग किया। संगठन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने कहा कि वे पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट बार एसेसिएशन के प्रधान विकास मलिक का लाइसेंस रद्द करने के खिलाफ हैं और विकास मलिक के साथ खड़े हैं। इसी प्रकार बार एसोसिएशन होडल के प्रधान पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह लगता है। उन्होंने कहा कि वे हर प्रकार से बार एसोसिएशन होडल के प्रधान हरवीर सिंह तंवर के साथ हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से वकीलों पर हमले होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पुलिस प्रशासन इन्हें रोकने में नाकामयाब रहा है और केवल केस दर्ज करके अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेता है। उन्होंने होडल पुलिस से अपील की कि हरवीर सिंह पर हमला करने वालों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। इधर वर्क सस्पेंड के कारण आज अदालत परिसर में सन्नाटा रहा चैंबर परिसर भी खाली-खाली रहे।





गुहला चीका सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य एसडीओ बिजली बोर्ड को ज्ञापन देते।

### गेट मीटिंग कर एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

गुहला-चीका। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ सब यूनिट गुहला और सब यूनिट चीका के सभी कर्मचारियों ने मिलकर राज्य कमेटी के आह्वान पर गेट मीटिंग करते उपमंडल अधिकारी चीका और गुहला के माध्यम से बिजली निगमों के चारों प्रबंधक महोदय के नाम ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के माध्यम से बिजली निगमों में लंबे समय से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, चिरायु कार्ड बनाने के लिए जो कच्चे कर्मचारियों के वेतन से 1500 रुपये की कटौती की गई। लेकिन अब तक उनके चिरायु कार्ड नहीं बनाए गए। जल्द से जल्द चिरायु कार्ड बनाने, 4 सालों से कच्चे कर्मचारियों के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई कम से कम 30% वेतन की बढ़ोतरी करने बारे, कच्चे कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा प्रदान करने की मांग को आज जोर शोर से गेट मीटिंग के माध्यम से उठाया गया।

### डॉक्टर 15 को 11 बजे तक ओपीडी रखेंगे बंद

जींद। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर जिलाभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक 15 जुलाई सोमवार को 11 बजे तक हडताल पर रहेंगे। इस दौरान ओपीडी नही की जाएगी। हालांकि इस दौरान जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा जाएगा। शुक्रवार को इसी को लेकर एसोसिएशन सदस्यों ने प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा के नेतृत्व में सीएमओ डा. गोपाल गोयल से मुलाकात की और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने से पहले हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर चिकित्सक प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा के नेतृत्व में एकत्रित हुए। एचसीएमए एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा, डा. संदीप लोहान, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. मंजू ने कहा कि सरकार और एचसीएमएस एसोसिएशन के बीच आपसी सहमति के बाद डाक्टरों ने छह महीने पहले अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था लेकिन आजतक मानी गई मांगें पूरी नहीं हो पाई हैं।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, तीन के खिलाफ केस

जींद। नरवाना के हनुमान नगर में दोस्त के कमरे मे संदिग्ध हालात मे युवक के मृत मिलने से हडकंप मच गया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर मृतक के दोस्त समेत तीन लोगों के खिलाफ जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का मामला दर्ज किया है। मृतक परिवार का इकलौता चिराग था। पुलिस जांच कर रही है।

### सबमर्सिबल की तार चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

कैथल। खेत से सबमर्सिबल की तार चोरी करने के मामले मे स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा 3 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैलरम निवासी शमशेर सिंह की शिकायत अनुसार 11 मई की रात को उसके खेत सहित गांव की ही 5 अन्य खेतों से अज्ञात व्यक्ति सबमर्सीबल की तार चोरी करके ले गया। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था।

### पानी चोरी के लिए लगाए 40 रबर के पाइप जब्त

उचाना। नहरी पानी की चोरी रोकने को लेकर निरंतर नहरी विभाग जेई विकास की अगुवाई में टीम गश्त कर रही है। बरसोला फीडर पर जेई विकास, जेई सुशील के नेतृत्व में पानी चोरी रोकने अभियान के दौरान गश्त की जा रही है। टीम ने गुरुवार रात को गश्त के दौरान पानी चोरी के लिए लगाए 40 रबर के पाइपों को जब्त किया।

### दो स्थानों से बाइक चोरी, मामला दर्ज

कैथल : कैथल में अलग-अलग स्थानों से चोर दो बाइक चुराकर ले गए। पहले मामले में गांव पाई के बलवान ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 6 जुलाई को हनुमान वाटिका कैथल के निकट खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल प्रभावित ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलेवा से 19 वर्षीय युवक लापता, केस

जींद। अलेवा से एक युवक के गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में अलेवा निवासी साहब सिंह ने बताया कि उसका बेटा पंकज नौ जुलाई की शाम को घर से निकला था। उसके बाद पंकज अभी तक घर नहीं लौटा है। अपने स्तर पर हर जगह रिश्तेदारियों में पता कियाए दोस्तों से पूछता लेकिन पंकज का कुछ पता नहीं चल पाया।

### युवती बिना बताए घर से लापता, केस

कैथल। सदर पुलिस कैथल ने एक युवती के बिना बताए घर से चले जाने का मामला दर्ज किया है। अर्जुन नगर कैथल की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 10 जुलाई को उसकी बेटी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 29 से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत

जींद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 जुलाई से तीन अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### रिटायर्ड कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जताया विरोध

कैथल। पहले गर्मी व फिर बरसात के चलते जिले के बड़ी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारियों ने सचिवालय परिसर में इक्कठे होकर सभा की व सरकार के विरोध में अपनी मांगों की अनदेखी को लेकर जबरदस्त नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। प्रदर्शन में उपरोक्त के अलावा सर्व कर्मचारी संघ कैथल के प्रधान शिवचरण, उपप्रधान छज्जु राम आदि मौजूद रहे।

### युवती ने कॉल कर तीन लाख खाते में डलवाए

जींद। जुलाना खंड के लिजवाना कलां निवासी एक युवक को व्हाट्सएप काल के जरिये एक युवती ने झांसे में लिया और पत्नी की चचेरी बहन बन कर तीन लाख रुपये खाते में डलवा लिए। आरोपित द्वारा और भी रुपयों की डिमांड की गई तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। लिजवाना कलां निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 मई को उसके फोन पर अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। काल करने वाली एक युवती थी और उसने बताया कि वह अमेरिका में रहती है। बातचीत करते युवती ने उसकी पत्नी को चचेरी बहन बना लिया। कुछ दिन पहले उसने इमरजेंसी बता कर उसकी पत्नी से रुपये मांगे। संजय ने बताया कि उसकी पत्नी की बातों में आकर उसने तीन लाख रुपये उस युवती के बैंक खाते में आरटीजीएस के जरिये डलवा दिए। तीन घंटे बाद उस युवती ने फिर से तीन लाख रुपये की और मांग की। इस पर दोनों को शक हो गया।

### इस बार सावन प्रारंभ भी सोमवार से व खत्म भी सोमवार को होगा

# शिवभक्तों के लिए इस बार सावन माह बेहद खास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

शिवभक्तों के लिए इस बार सावन माह बेहद खास रहेगा। कई वषार्ं बाद ऐसा हो रहा है कि सावन माह की शुरूआत 22 जुलाई सोमवार से होगी और इसका समापन भी सोमवार को ही होगा। इस बाद सावन के महीने में पांच सोमवार शिवभक्तों को मिलेंगे। सावन में इस बार दुर्लभ संयोग भी बन रहे है। वहीं सावन के महीने में ग्रह नक्षत्र एवं योगों का कई तरह का शुभ संयोग भी बनेंगे। वहीं पिछले वर्ष अधिकमास होने की वजह से सावन तकरीबन दो माह का रहा। तब सावन के आठ सोमवार आए लेकिन इस बार कुल पांच सोमवार रहेंगे। सावन का समापन रक्षाबंधन के दिन 19 अगस्त को होगा। सावन का महीना पूरे 29 दिनों का होगा। शिवभक्तों के लिए सावन माह विशेष महत्व रखता है। इस बार सावन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 21 जुलाई को दोपहर 03:46 बजे शुरू होगी लेकिन उदयातिथि को देखते हुए 22 जुलाई से सावन की शुरुआत मानी जाएगी। यह पूरा मास भगवान शिव को समर्पित है।

#### 22 से सावन माह की शुरूआत

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन माह में भगवान शिव की उपासना से विशेष लाभ मिलता है। सावन में पूजा-पाठ और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से भक्तों के जीवन में सुख व समृद्धि आती है। इसके अलावा इस बार सावन पर बहुत ही दुर्लभ संयोग बन रहा है। सावन महीने की शुरुआत 22 जुलाई पहले सोमवार से हो रही है और समापन भी सोमवार को ही होगी। सावन के महीने में ग्रह, नक्षत्र एवं योगों का कई तरह का शुभ संयोग भी बनने वाला है। सावन के पहले सोमवार पर प्रीति, आयुष्मान और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बनेगा। भगवान शिव को भी सावन माह बेहद प्रिय है। सावन के दौरान शिवभक्त अपने आराध्य को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं, कावड़ यात्रा करते हैं और साथ ही शिव भगवान के पवित्र मंदिरों का दर्शन करने भी जाते हैं।

#### सावन सोमवार तारीख

| | |
|---|---|
| पहला सोमवार | 22 जुलाई |
| दूसरा सोमवार | 29 जुलाई |
| तीसरा सोमवार | 05 अगस्त |
| चौथा सोमवार | 12 अगस्त |
| पांचवां सोमवार | 19 अगस्त |

#### पहले दिन शिवलिंग का गाय के दूध से करें अभिषेक

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि 2024 में सावन माह के पहले दिन सोमवार है। इसलिए इस दिन शिवलिंग का गाय के दूध से अभिषेक करना चाहिए। साथ ही दूध का दान करने से भी आपको लाभ होगा। दूध के साथ ही इस दिन आप चावल का दान भी कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको भगवान शिव की कृपा तो प्राप्त होती ही है, साथ ही कुंडली में चंद्रमा की स्थिति भी मजबूत होती है।

## सफीदों पालिका ने शुरू करवाया बंदर पकड़वाने का अभियान

- शहरवासियों को मिलेगा आतंकी बंदरों से छूटकारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों

सफीदों शहरवासियों को अब आतंक बंदरों से छुटकारा मिलेगा क्योंकि सफीदों नगरपालिका ने शहर से बंदरों को पकड़वाने का ठेका दे दिया है। अब-तक शहर से 120 बंदरों को पकड़ लिया गया। सफीदों शहर के कुल 17 वार्डों की कॉलोनियों में करीब 1500 बंदर होने का अनुमान है। नगरपालिका प्रधान प्रतिनिधि संजय बिट्टा ने बताया नगर में बंदरों से लोगों के जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से यह कार्रवाई की जा रही है। कंपनी को ठेका देकर बंदर पकड़ने का अभियान शुरू हो चुका है। नगर से बंदरों को पकड़ने के बाद जिला यमुनानगर के कलेसर जंगल में छुड़वाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सफीदों नगर में बड़ी संख्या में बंदर हैं और लोगों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। ये बंदर मानव जीवन के लिए भी खतरा बने हुए थे। बंदरों के हमले से नगर में अनेकों बच्चे व महिलाएं चोटिल हो चुके हैं। पालिका की इस कार्रवाई के बाद लोगों को बंदरों से कहीं ना कहीं राहत मिलेगी। नगर पालिका सचिव रविंद्र सिंह का कहना है कि अब सफीदों शहर वासियों को बंदरों के खौफ से छुटकारा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### कंप्यूटर प्रोफेशनल 15 से हड़ताल पर : राजेश गौतम

**जींद।** हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के संयोजक राजेश गौतम ने कहा कि संघ संबंधित बीएमएस सभी कर्मचारी ने 15 जुलाई से हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। उन्होंने जींद में बैठक कर हड़ताल को लेकर चर्चा भी की। इसका कारण यह है कि संगठन ने जब भी कोई आंदोलन किया उनको लिखित में समझौता पत्र दिया गया परंतु उस पर सरकार के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### आधार कार्ड 14 सितंबर तक कराएं फ्री अपडेट

**उचाना।** एसडीएम गुलजार मलिक ने बताया कि यूआइडीएआइ ने आमजन की सुविधा के मध्यनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख को बढ़ा कर 14 सितंबर कर दिया है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। 14 जून से इसे तीन महीन आगे बढ़ाते हुए 14 सितंबर किया गया है।

### झांझ के पास से 15 पशु चोरी, मामला दर्ज

**जींद ।** गांव झांझ कलां से बड़ौदी की तरफ खेतों में चराते समय 15 भेड़, बकरियां चोरी होने पर सदर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में झांझ कलां निवासी जसमेर ने बताया कि वह भेड़ व बकरियां चराने का काम करता है। आठ जुलाई दोपहर को वह भेड़ बकरियों को चराने के लिए बड़ौदी रोड की तरफ गया हुआ था।

### लघु नाटिका में दूसरा स्थान हासिल किया

**जींद ।** राजकीय वमावि शामदो में खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के उपलक्ष पर ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक अलेवा के सभी स्कूलों ने भागीदारी की। जिसमें लघु नाटिका में दूसरा स्थान, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम, डिबेट में प्रथम स्थान, ऑन द स्पॉट पेंटिंग में द्वितीय स्थान, भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, हासिल करके रा'य के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंड पूरे ब्लॉक स्तर पर प्रथम रहा है।

### पेंशनर्स की मांगों को पूरा करे सरकार

**जींद ।** ब्राह्मण धर्मशाला में पैंशनर्ज समाज की बैठक प्रधान सत्यवान मुद्गिल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव अर्जुन सैनी ने किया। पैंशनर्ज समाज ने नई सरकार उम्मीद जताई कि पैंशनर्ज समाज की मांगों के बारे में पूरा ध्यान देते हुए लागू किया जाएगा।

### नायब सैनी, मोहनलाल की जोड़ी अध्याय लिखेगी

**उचाना।** भाजपा नेता देवेंद्र अत्री ने मोहन लाल बडोली को हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी हाईकमान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीयध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता एवं राई विधानसभा से विधायक मोहन लाल बडोली को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर हरियाणा भाजपा में नए जोश का संचार हुआ है।

### छात्रों के लिए समारोह आयोजन किया

**उचाना।** स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कला में बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए समारोह आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गेम, सांस्कृतिक कार्यक्रम,नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्त्रम में सविता बीएड प्रथम वर्ष, अंजू बीएड द्वितीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी घोषित किया गया।

### लोगों की शिकायतों का करें निपटारा : एडीसी

**जींद ।** लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को एडीसी डॉण हरीश वशिष्ठ ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। कुछ समस्याओ का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। अधिकारियों को उनके कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। शुक्त्रवार को समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 87 शिकायतें प्राप्त हुई। जिन्हें संबंधित अधिकारियों को निपटारे के लिए सौंप दिया।

## नप में बैठक कर खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

# पावर छीनने से नगर पार्षदों में रोष आंदोलन को तेज करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर पार्षदों की पावर छीनने पर नगर पार्षदों ने बैठक कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में 31 में से 22 पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया और स्पष्ट किया कि यदि सरकार एक सप्ताह में उनकी मांगों को पूरा नहीं करती तो सरकार को आंदोलन के लिए तैयार रहना चाहिए। पार्षदों ने बैठक के बाद सीएम के नाम भेजे ज्ञापन में कई मांगों को पूरा करने का अनुरोध सरकार से किया। बैठक में पीएसी को पुनरू बहाल करके पार्षदों को मान-सम्मान की मांग उठी। पार्षद सतीश हरियाणवीं व महावीर रेढ़ू ने कहा कि सरकार ने ऐसा करके पार्षदों का ही नहीं जनता का अपमान किया है। सरकार ने लगभग सात महीने पहले पीएसी बनाई थीए जो सराहनीय थी। अब सरकार ने संबंधित वार्ड के पार्षद और पीएसी के सदस्य को पेमेंट कमेटी से बाहर कर दिया है। ऐसे में ठेकेदार और अधिकारियों की मनमानी बढ़ेगी। पार्षद ही उसके वार्ड में हुए काम के बारे में सही तरीके से जानता है। यदि पार्षद को काम में कोई कमी दिखाई देती थी तो वह पेमेंट से पहले उसको पूरा करवाता था और तभी उस पर साइन करता था लेकिन सरकार ने अब पार्षदों से उनकी यह पावर भी छीन ली है। पार्षदों ने स्पष्ट किया कि वह सम्मान के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। शुक्रवार को सीएम के नाम ज्ञापन भेजा है।



जींद। बैठक में भाग लेते नगर पार्षद। फोटो :हरिभूमि

### सरपंचों की तरह पावर दिए जाने की मांग

पार्षदों ने कहा कि वह भी जन प्रतिनिधि हैं। कई गांवों में तो केवल 500 से 800 वोट हैं और उस सरपंच को 10 लाख रुपये तक के काम करवाने की पावर सरकार ने दी हैए लेकिन उनके वार्ड में पांच हजार से 'यादा मतदाता होते हुए भी उनके पास काम करवाने के लिए एक रूपए की पावर नहीं है। जनता को नगर पार्षदों को जानती है। इसलिए वह पार्षद के घर ही चक्कर लगाती है। पार्षदों ने कहा कि उन्हें 10 लाख रूपए तक की पावर सरपंचों की तर्ज पर दी जाए।

### एमएलए और एमपी की तरह दी जाए पेंशन

पार्षदों ने कहा कि वह भी जन प्रतिनिधि हैंए इसलिए उनको भी पैंशन मिलनी चाहिए। कोई तीन बार विधायक बने तो उसे तीन बार पैंशन मिलती है लेकिन पार्षदों को कोई पैंशन सरकार नहीं दे रही। पार्षदों ने कहा कि उन्हें 20 हजार रुपये मानदेय भत्ता दिया जाए ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत बनें और उन्हें किसी प्रकार के काम में कोई कठिनाई नहीं हो।

### टोल टैक्स में छूट दिए जाने की मांग उठाई

पार्षदों ने बैठक में सरकार से मांग की कि उन्हें प्रदेश के टोल टैक्सों में छूट दी जाए ताकि वह सरकारी काम के सिलसिले में कहीं भी जाए तो उनको पैसा नहीं देना पड़े। सभी पार्षदों ने ज्ञापन में मैडिकल और जीवन बीमा सरकारी स्तर पर किए जाने की मांग बैठक में उठाई। इसके अलावा नगर परिषद और पालिका में वार्ड में किए गए कामों की राशि अनुमोदन एवं भुगतान के लिए समिति अथवा उप समिति के सदस्य की नियुक्ति चुनाव द्वारा की जाए और राशि का अनुमोदन एवं भुगतान के लिए कम से कम तीन पार्षदों को सदस्य बनाया जाना अनिवार्य होना चाहिए।

### पावर फिर से दिए जाने की मांग

सरकार द्वारा दो दिन पहले जारी किए गए फैसले को रद्द करने की मांग बैठक में उठाई गई। नगर पार्षदों ने कहा कि पहले की तरह उनको पावर दी जानी चाहिए। किसी भी वार्ड में होने वाले काम के बिल तभी पास हों, जब संबंधित पार्षद काम से संतुष्टह्न हो और वह अपनी सहमति देते हुए बिलों के भुगतान पर साइन करे। इसके अलाव निर्विरोध पार्षद चुने जाने पर संबंधित वार्ड में विशेष ग्रांट की मांग पार्षदों ने उठाई।

### सरपंचों की तरह टीए और डीए दे राज्य सरकार

बैठक के बाद पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्षदों ने कहा कि सरपंचों की तरह नगर पार्षदों को टीए और डीए मिलना चाहिए। पार्षदों को भी काम के सिलसिले में शहर में इधर-उधर आना-जाना पड़ता है। इसलिए सरकार को इस पर विचार करते हुए पार्षदों की तमाम मांगों को तुरंत पूरा करना चाहिए।

### ये पार्षद रहे मौजूद

बैठक में नगर पार्षद नरेश सैनी, सतीश हरियाणवी, मुकेश चहल, सतपाल कुंडू, महावीर रेढ़ू, सियाराम गोयल, हरीश अरोड़ा, संजय वत्स, राजकुमार कश्यप, सुनीता, अनिल आशरी, जयभगवान गोयल, प्रदीप सिंगरोहा, संजय गांधी, सुनील, प्रवीण देवी, पार्षद प्रतिनिधि महीपाल कौशिक, रणधीर राणा, गुलशन आहुजा, अनिल पातलान, डा. बलबीर सिंह ने भाग लिया।



जींद। बसों को रवाना करते हुए बलजीत रेढ़ू। फोटो :हरिभूमि

## पार्टी ने टिकट दी तो जींद से चुनाव लड़ेंगे : बलजीत रेढ़ू

- खोखरी और मांडो गांवों से वृद्धों को गंगा स्नान के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढ़ू ने कहा कि वो कांग्रेस, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और राहुल गांधी का जंगी घोड़ा हैं। पार्टी ने टिकट दी तो जींद विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगा और जींद सीट 19 साल बाद कांग्रेस की झोली में डाल दूंगा। जहां तक समाजसेवा की बात हैए तो यह बराबर चलती रहेगी।

बलजीत रेढ़ू शुक्रवार को जींद के खोखरी गांव में खोखरी और मांडो गांवों से हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान के लिए तीन बसों को झंडी दिखाकर रवाना करते के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। यहां बलजीत रेढ़ू ने कहा कि वह लंबे समय से कांग्रेस पार्टी और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में अपने बयान में पार्टी के लिए जिन जंगी घोड़ों का जिक्त्र किया हैए वह उनमें से एक हैं। रेढ़ू ने कहा कि उनकी निष्ठा कांग्रेस पार्टीए पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और राहुल गांधी के साथ साथ है। पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दीए उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ वह जिम्मेदारी निभाई है। आगे भी वह इसी तरह निष्ठा के साथ पार्टी के लिए काम करते रहेंगे। जहां तक जींद हलके से कांग्रेस पार्टी की टिकट का सवाल है तो पार्टी ने उन्हें टिकट दी तो वह 19 साल बाद जींद विधानसभा सीट कांग्रेस की झोली में डाल देंगे। उनके साथ जींद हलके की 36 बिरादरी की जनता मजबूती से खड़ी है। पार्टी ने तय किया है कि इस बार जंगी घोड़ों को मैदान में उतारा जाएगा और इस क्राइटेरिया पर वह सबसे 'यादा खरा उतरते हैं। जनता जिसे चाहेगी, पार्टी उसे टिकट देगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की टिकट की दौड़ में शामिल ही नहीं हैं।

## महाबीर ने चलाया जनसंपर्क अभियान

- व्यापारी न्याय चौपाल कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक : कंप्यूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि 13 जुलाई को होने वाला व्यापारी न्याय चौपाल का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इस व्यापारी न्याय चौपाल के लिए व्यापारियों में जोश है। शुक्रवार को न्याय चौपाल के लिए किया बाजारों में संपर्क अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया व अतिथि के रूप में सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व मंत्री गीता भुक्कल, सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी मयंक पटेल, सफीदों से विधायक सुभाष गांगोली, कई ट्रेड यूनियन तथा व्यापारी संगठन बढ़चढ़ कर लेगें हिस्सा। प्रदेश के प्रभारी दीपक बावरिया व्यापारियों से सुझाव लेंगे। व्यापारियों को राहत देने के लिए कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में होंगे व्यापारियों के मुद्दे शामिल हैं। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महाबीर कंप्यूटर ने अपने व्यापारियों के साथ जाकर व्यापारी न्याय चौपाल में पहुंचने का दिया निमंत्रण। उन्होंने आगे बताया कि आज व्यापारी वर्ग भय के सांये में हैं। व्यापारियों पर चौतरफा मार पड़ रही है और कानून व्यवस्था बिल्कुल बद से बदतर है।



जींद। संपर्क अभियान चलाए महाबीर कंप्यूटर। फोटो :हरिभूमि

### रक्तदाताओं को दी जाने वाली राशि को बढाया जाए

**जींद।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के आजीवन सदस्य एवं अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने हरियाणा के महामहिम रा'यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिख कर मांग की है कि पूरे हरियाणा में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदाताओं को रिफ्रेशमेंट के तौर पर दी जाने वाली मात्र 50 रुपये की राशि को बढ़ा कर कम से कम 500 रुपये किया जाए। महामहिम रा'यपाल व मुख्यमंत्री को लिखे अलग-अलग पत्रों में गोयल ने बताया कि कई दशकों से यह नियम चला आ रहा है कि जो भी संस्था रक्तदान शिविरों का आयोजन करती है, उन्हें रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रति रक्तदाता 50 रुपये रिफ्रेशमेंट के तौर पर दिए जाते हैं। आज महंगाई कहां से कहां पहुंच गई है। ऐसे में 50 रुपये की यह राशि बहुत कम है। इतने कम रुपये में अच्छी क्वालिटी का रिफ्रेशमेंट का सामान जैसे दूध, जूस, फ्रूट इत्यादि नही आ पाते। इसके साथ-साथ रक्तदाताओं को एक स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भी दिया जाना आवश्यक है।

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ जारी की पंद्रह सवालों की चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- अभियान के तहत घर-घर और जन-जन तक चार्जशीट को पहुंचाएगी कांग्रेस : सुभाष

सफीदों से कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ 15 सवालों की चार्जशीट जारी की गई है। चार्जशीट व कांग्रेस की घोषणाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी ने हरियाणा मांगे हिसाब नाम से नए अभियान की शुरुआत की है। गांगोली ने कहा कि अबतक कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा, विपक्ष आपके समक्षए घर-घर कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो अभियानए जनमिलन समारोह और धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन समेत जितने भी कार्यक्रम किए हैं, उन सभी को जनता का जबरदस्त समर्थन हासिल हुआ है। इसी कड़ी में अब हरियाणा मांगे हिसाब एक नई शुरुआत है।

इसके जरिए ना सिर्फ बीजेपी की विफलताओं और कांग्रेस की घोषणाओं को जनता तक पहुंचाना है बल्कि पार्टी के मेनिफेस्टो के लिए जनता से सुझावों को भी एकत्र करना है। अभियान को अमलीजामा पहनाने का रोडमैप तैयार करने के लिए 14 जुलाई को सोनीपत में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। 15 से हरियाणा मांगे हिसाब अभियान विधिवत तौर पर शुरू हो जाएगा। पत्रकारों के साथ चार्जशीट सांझा करते बताया कि इसमें कांग्रेस ने बीजेपी से अलग-अलग मुद्दों पर 15 सवाल पूछे हैं। इन सवालों से साथ पार्टी ने वो तथ्य भी जोड़े हैं जिनके आधार पर इस सरकार पर ये सवाल उठ रहे हैं। सवाल है कि देश में सबसे ज्यादा बेरोज़गारी हरियाणा में क्यों है।



जींद। कार्यशाला के समापन पर अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

### ई-कॉन्टेंट डवलप्मेंट ट्रेनिंग का समापन

**जींद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ईक्कस में चल रहे पांच दिवसीय ई-कंटेंट डवलप्मेंट कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम संस्थान की प्राचार्या डा. विजय लक्ष्मी नांदल के निर्देशन में करवाया। संस्थान की अध्यापक प्रशिक्षण विंग हैड डा. जगमहेंदर सिंह ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया और उनके द्वारा इस पांच दिवसीय कार्यशाला में सीखे गए विभिन्न कंटेंट के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। यह प्रोग्राम एससीईआरटी गुरुग्राम द्वारा आयोजित करवाया गया। पांच दिवसीय इस प्रोग्राम में जिला जींद के खंड नरवाना व सफीदों के 50-50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डा. जितेंद्र मलिक ने बताया कि यह ट्रेनिंग जिले के सभी खंडों के 50-50 अध्यापकों को करवाई जानी है। बाकी खंडों के ट्रेनिंग अगले सप्ताह से शुरू की जाएगी। इस ट्रेनिंग के माध्यम से शिक्षकों को वीडियो एडिटिंग, साइबर सिक्योरिटी एवं क्विज कैनवस आदि विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम से शिक्षक व छात्र शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार ला सकते हैं। अध्यापक, छात्रों को पढ़ने के तरीकों अधिक रोचक बना सकते हैं। इस प्रकार के कंटेंट के प्रशिक्षण से ऑडियो वीडियो में तकनीक के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्र में स्थित स्कूलों में शिक्षा का दीया जलाया जा सकता है। इन प्रशिक्षकों की आज विशेष जरूरत है। प्रतिभागियों ने विभिन्न एप्स का प्रयोग कर टीचिंग लर्निंग वीडियो तैयार की व विभिन्न विषयों से संबंधित ई-कंटेंट पाठ्यक्रम की ऑडियो वीडियो भी तैयार की वहीं सभी अध्यापकों ने प्रेजी पर प्रेजेंटेशन कैनवा इनफॉरग्राफिक व क्विज आदि तैयार किया।

## बूथ स्तर पर और मजबूत होगी भाजपा : सैनी

- पैदल यात्रा के लिए एक दर्जन गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां का लोग जमकर लाभ उठा रहे हैं। इससे उनका जीवन स्तर तो ऊंचा उठ ही रहा है। साथ ही उनके आगे बढ़ने का भी मौका मिल रहा है। सैनी अपनी 21 जुलाई की सफीदों विधानसभा क्षेत्र की पैदल यात्रा को लेकर लोगों से जनसंपर्क कर रहे थे। कहा कि इस पैदल यात्रा से सफीदों विस क्षेत्र में भाजपा को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। उन्होंने शुक्रवार को एक दर्जन गांवों का दौरा किया। कर्मवीर सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल तथा वर्तमान सीएम नायब सिंह सैनी की कार्यशैली के लोग आज कायल हो रहे हैं। समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याएं दूर हो रही हैं। हर व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ पहुंच रहा है। मजदूर से लेकर किसान तक सभी वर्ग इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। जिला पार्षद विकास शर्मा मुआना, डिडवाड़ा के सरपंच रोशन गुर्जर, बसीनी के सरपंच कुलदीप, वरिष्ठ नेता जगदीश कश्यप, अंग्रेज सिंह नंबरदार, पूर्व सरपंच देवीराम, रुप सिंह राणा, पूर्व सरपंच श्याम शर्मा आदि मौजूद थे।



जींद। ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए कर्मवीर सैनी। फोटो :हरिभूमि



जींद। जनसंवाद करते हुए वृंदा शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### जींद में बनाया जाए राष्ट्रीय स्तर का चिड़िया घर : वृंदा

**जींद।** मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन का जनसंवाद कार्यक्रम इंदिरा बाजार में आयोजित किया गया। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से मिल कर अपने विचारों को सांझा किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन की युवा अध्यक्ष वृंदा शर्मा ने कहा कि जिला जींद में पर्यटन क्षेत्र होने चाहिए। जिला में राष्ट्रीय स्तर का चिड़ियाघर होना चाहिए। जिला में पर्यटन क्षेत्रों का विकास होने से लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। वृंदा शर्मा ने कहा कि जींद एक ऐतिहासिक नगरी है लेकिन जिला में कोई भी धार्मिक स्थल व पर्यटन स्थल अभी तक नही बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल व पर्यटन स्थल बनने से जींद को एक अलग पहचान मिलेगी। हमारा जिला अभी भी विकास से बहुत दूर है। उन्होने कहा कि हमें जींद के विकास के लिए मिलकर आवाज उठानी पडेगी। वृंदा शर्मा ने कहा कि अब जींद के लोग जागरूक हो चुके हैं। वे जींद को एक नए पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करवा कर ही रहेंगें। मौके पर रिषिराम नंबरदार, रामचंद्र, सतीश जिंदल, राजबीर श्योराण, डा. संजय दहिया, लहरी सिंह, कृष्ण दत्त भारद्वाज, कुलदीप सिंह, दिनेश शर्मा, ईश्वर चंद सिंगला, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## म्हारा हरा भरा उचाना स्कीम के तहत किया गया पौधारोपण

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्जनपुर होगा हरा-भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

म्हारा हरा भरा उचाना स्कीम के तहत उप मंडल उचाना के गांव दुर्जनपुर में वन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर गुलजार मलिक एसडीएम उचाना पहुंचे। अध्यक्षता सुनीता एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग ने की। उदयपुर, दुर्जनपुर दोनों गांव के सरपंच ने आह्वान किया कि एक पेड़ विश्वास का स्कीम के अंतर्गत प्रत्येक घर में एक-एक पौधा वितरित करके लगवाना और उसकी सुरक्षा करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। एसडीएम ने कहा कि धरती को बचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। धरती को बचाने का हथियार पौधे के रूप में प्रत्येक विद्यार्थी एवं नागरिकों के हाथ में सौंपा गया। धरती पर जब 'यादा पेड़ उगेंगे तो प्रकृति भी धरती को और उसके वाशिंदों को ऑक्सीजन और संतुलन एक साथ प्रदान करेगी। आज की अंधाधुंध भौतिक प्रगति के कारण पेड़ों की कटाई करके प्रकृति के संतुलन को बिगड़ने का आधुनिक युग ने जो काम किया है वह अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। जिसका खामियाजा आने वाली संताने भी भुगतेगी। म्हारा हरा भरा उचाना स्कीम के अंतर्गत पिछले चार वषार् से 10 हजार पौधे लगाने का संकल्प ले रखा है। इस बार नए प्रयोग के रूप में किसी एक संस्थान को हरा भरा बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें दुर्जनपुर का सरकारी अस्पताल का चयन कर किया गया। सर्वे कराकर उपमंडल के अन्य गांव में भी ऐसे ही स्थान का चयन करके उसे हरा भरा करने का लक्ष्य आगामी दिनों में किया जाएगा। कार्यक्रम के संचालक मास्टर रामप्रसाद ने कहा कि उचाना सेवा गुरप की पूरी टीम उप मंडल प्रशासन के साथ मिलकर इस मिशन को आगे बढ़ा रही है। प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सक संघ के अध्यक्ष रामनिवास करसिंधु द्वारा शिक्षण संस्थाओं व अन्य संस्थाओं में फर्स्ट एड किट वितरित की जा रही है।

छह विद्यालयों में किट बांटी गई। बीआरसी रणपाल श्योकंद द्वारा कार्यक्रम में आने वाले का अभिनंदन किया। उदयपुर और दुर्जनपुर गांव के दोनों सरपंच प्रतिनिधि राजेश, अनिल द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



दुर्जनपुर में पौधरोपण करते जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता नैन।



जींद। बैठक करते पूर्व सैनिक। फोटो :हरिभूमि

### युद्ध स्मारक पर होगा 26 जुलाई को कार्यक्रम

**जींद।** दुनिया में सबसे 'यादा ऊंचाई पर लड़े जाने वाले कारगिल युद्ध (ऑपरेशन विजय) को जीते हुए 26 जुलाई 2024 को पूरे 25 साल हो रहे हैं। इस युद्ध में भारतीय सेवा के 527 ऑफिसर जेसीओ जवानों ने आदत देकर दुश्मन के दांत खट्टे किए थे। सूबेदार मेजर रामकरण दलाल ने बताया कि इस युद्ध में भारतीय सेवा ने अपने अदम्य साहस परिचय दिया था वह पूरी दुनिया में एक मिसाल है। क्योंकि आज तक किसी भी देश की सेवा ने 14000 से 18000 तक की ऊंचाई पर विजय प्राप्त नहीं की थी जो हमारी भारतीय सेवा के वीरो ने की थी। इस मौके पर 26 जुलाई 2024 को जिला जींद के युद्ध स्मारक पर रजत जयंती (सिल्वर जुबली) का आयोजन करने जा रहे हैं। इस युद्ध स्मारक पर सभी शहीदों को याद किया जाएगा। इसलिए 26 जुलाई को जींद युद्ध स्मारक पर सादर आमंत्रित है यह आयोजन पूरे हरियाणा के लिए आयोजन किया जा रहा है। सभी इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लें।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती को भगाया

**कैथल।** जिले के गांव कलासर से एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजौंद पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 11 जुलाई को सुखविंदर नामक युवक उसकी नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ पहले फुसलाकर भगा ले गया। उसने उनके आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### मारपीट में महिला घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव कैलरम में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। कैलरम की केला देवी ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 जुलाई को सुमित और उसकी मां मुकेश ने लाठी और गंडासी से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### साइबर ठगों ने लाखों की राशि हड़पी

**कैथल।** साइबर पुलिस स्टेशन कैथल ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एक किसान से 73032 रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। गांव डीग के अमित कुमार ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 10 अक्टूबर 2023 को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया उसने कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ सकती है। ऐसा कर उसने उसे अपनी बातों में ले लिया तथा बातों ही बातों में उसका मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को पूछ लिया। बाद में आरोपी ने उसके खाते से 73032 रुपए की राशि निकाल ली।

### जिले को जल्द मिलेगा नया रैडक्रॉस भवन

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न कल्याणकारी क्रियाएं एवं कार्यक्रम चला रही है, ताकि जरूरतमंद व्यक्तियों तक लाभ पहुंच सके। यह संस्था गरीबों, मरीजों, विधवाओं की सहायतार्थ एवं दिव्यांगों को सक्षम बनाने हेतू तिपहिया रिक्शा, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र प्रदान करती है। नए रैडक्रॉस भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जल्द ही इस भवन का उद्घाटन भी होगा, जिला के लोगों को इसका काफी लाभ पहुंचेगा।

### 15 जुलाई तक लिया जा सकेगा दाखिला

# महाविद्यालय में एडमिशन के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कॉलेजों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर शुक्रवार को दूसरी व अंतिम मेरिट सूची जारी हुई। इस मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थी अब 15 जुलाई तक दाखिला ले सकते हैं। मेरिट सूची जारी होने के बाद शहर के सबसे अधिक आवेदनों वाले आरकेएसडी पीजी कॉलेजों में विद्यार्थियों की भीड़ जुटी। दूसरी मेरिट सूची का विद्यार्थियों को बेसब्री से इंतजार था। कॉलेज में ऑल इंडिया ओपन की मेरिट सूची 87.4 प्रतिशत रही। हालांकि प्रोविजनल मेरिट सूची सुबह ही आ गई थी, लेकिन इस दूसरी लिस्ट के तहत दाखिला प्रक्रिया फाइनल लिस्ट के आधार पर ही शुरू हुई। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने दस्तावेजों के साथ कॉलेज के राम कृष्ण हॉल में फीस व चालान बनाने व दस्तावेज व फॉर्म लेने व हस्ताक्षर के लिए अलग-अलग डेस्क से कोर्स वाइज फॉर्म लें। आरकेएसडी कालेज के प्रिंसिपल डॉ.संजय गोयल ने बताया कि दूसरी मेरिट लिस्ट प्राप्त हुई है, कॉलेज में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों की लगभग सभी सूचियां 88 या 89 अंकों पर खुली हैं और कट ऑफ प्रतिशत 80 के आसपास है।

डॉ. संजय गोयल ने बताया कि पांच जुलाई को आई पहली मेरिट सूची अनुसार कॉलेज ने विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों के तहत लगभग 800 विद्यार्थियों को दाखिला लिया था। इस मेरिट सूची के बाद, यह उम्मीद की जा रही है कि कॉलेज स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए सभी दो हजार सीटों पर सभी प्रवेश पूरे कर लेगा, लेकिन अगर कुछ सीटें खाली रहती हैं तो खुली प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो सकती है। हालांकि यह उच्च शिक्षा विभाग के निदेशों पर निर्भर करता है। कॉलेज में सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जो कि एमए अंग्रेजी, एमए हिंदी, एमए राजनीति विज्ञान, एमएससी गणित, एमए अर्थशास्त्र, पीजीडीसीए और पीजी डिप्लोमा इन योगा हैं, उच्च शिक्षा पोर्टल पर शुरू हो गई है। संयोजक डॉ. सूरज वालिया ने कहा कि छात्र कॉलेज में आकर कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर चिपकाई गई मेरिट सूची में अपना नाम और सीरियल नंबर देख सकते हैं,और यदि उनके पास कोई प्रश्न या संदेह है तो वे कॉलेज के मुख्य हॉल में प्रवेश के उद्देश्य से विशेष रूप से स्थित कॉलेज हेल्प डेस्क से परामर्श कर सकते हैं।



डा. एसके गोयल।

दूसरी मेरिट सूची का विद्यार्थियों को बेसब्री से इंतजार था। कॉलेज में ऑल इंडिया ओपन की मेरिट सूची 87.4 प्रतिशत रही।

### सीटें खाली रही तो 17 जुलाई को कॉलेज स्तर पर होगी काउंसलिंग

बता दें कि यदि अंतिम मेरिट सूची के बाद भी यदि कालेजों में सीट खाली रह जाती हैं तो 17 जुलाई को कालेज स्तर पर फिजिकल काउंसिलिंग होगी और इसमें सीटें भरी जाएंगी। वहीं, रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को लेकर 17 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। 17 से लेकर 30 जुलाई तक नए आवेदन व पहले किए गए आवेदनों में संशोधन किया जा सकेगा। इच्छुक विद्यार्थी 18 से लेकर 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं। 25 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे।
- राजेश सैनी, नोडल अधिकारी, उच्चतर शिक्षा विभाग, कैथल।

### आरकेएसडी कॉलेज द्वितीय सूची

| | | |
|---|---|---|
| **बीए वर्ग** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 87.4 | 84 |
| हरियाणा ओपन | 847 | 8.4 |
| एससी | 78.2 | 73.8 |
| बीसीए | 8.2 | 66.2 |
| बीसीबी | 77.4 | 44 |
| **बीकॉम एडिड वर्ग** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 91 | 87.8 |
| हरियाणा ओपन | 87.4 | 77.4 |
| एससी | 69 | 66 |
| बीसीए | 77.2 | 66 |
| बीसीबी | 67.6 | 61.2 |
| **बीसीए वर्ग** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 88.4 | 85 |
| हरियाणा ओपन | 83 | 80.8 |
| ईडब्ल्यूएस | 78.6 | 68.8 |
| एससी | 78.8 | 73.6 |
| बीसीए | 80.6 | 76.8 |
| **बीकॉम ऑर्नस सांयकालीन वर्ग** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 90.2 | 87.1 |
| हरियाणा ओपन | 87.4 | 77.2 |
| **लाइफ साइंस एडिड वर्ग** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 80 | 77 |
| हरियाणा ओपन | 76.8 | 58.4 |
| **फिजिकल साइंस एडिड वर्ग** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 83 | 74.6 |
| हरियाणा ओपन | 74.4 | 61.6 |
| **बीए सांयकालीन सेल्फ फाइनेंस वर्ग** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 81.2 | 55.8 |
| हरियाणा ओपन | 55.8 | 49.2 |

## अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान


कैथल। जाट कालेज में पौधारोपण करते चंद्रशेखर व अन्य। फोटो:हरिभूमि

- जाट कालेज के एनएसएस स्वयं सेवकों ने पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया: चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट पी.जी महाविद्यालय कैथल के एनएसएस प्रभारी डॉक्टर लाभ सिंह चौहान ने मीडिया को बताया कि कॉलेज प्रांगण में पर्यावरण जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक चंद्रशेखर सहारण ने शिरकत की। अतिथि के रूप में जाट कालेज के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश कुमार ढिल्लों,जाट आईटीआई प्राचार्य कुलदीप गोपेरा, जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य सूबे सिंह मलिक, जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल प्राचार्य पंकज गुप्ता ने अन्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जाट कॉलेज प्राचार्या डॉक्टर राजकला सिहाग पूनिया ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि गण का विधिवत रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर जाट कॉलेज के ग्राउंड में पौधारोपण किया गया। प्राचार्या डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने सभी स्वयं सेवकों को पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ रखने के माध्यम भी बताएं। अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर बल दिया।

इस मौके पर जाट कॉलेज के प्रांगण के साफ सफाई की गई एवं पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रो राजपाल सिंह, डॉ संदीप धालीवाल, प्रो सुखबीर सिंह, प्रो अनिल कुमार, प्रो अजीत सिंह, डॉ राजेश बनवाला, डॉक्टर कर्मवीर सिंह, डॉ रेणुका, डॉ सुदेश कुमारी ,डॉ सीमा, कार्यालय अधीक्षक कुलबीर, रामफल मनोज गोयत, अमनदीप कौर, विकास रवीश आदि मौजूद रहे।



कैथल। डीसी से मिलने पहुंचे ईंट भट्ठा मालिक। फोटो:हरिभूमि

### भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारी उपायुक्त से मिले, ईंटों का रेट बढ़ाकर 6200 रुपये किया

**कैथल।** भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारी की मीटिंग अध्यक्ष मुकेश जैन व प्रधान शमशेर चढ़ा की अगुवाई में हुई। बैठक में ईंटों के रेट के बारे में विचार विमर्श किया गया। बता दें कि काफी समय से ईंटों के रेट बढ़े नहीं है जबकि कोयला वह मजदूरी पहले से बहुत महंगी हो गई है। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि कैथल उपायुक्त से मिलकर भट्ठा की स्थिति के बारे में अवगत कराएंगे और इन तो के कंट्रोल रेट बढ़ने के लिए अपील करेंगे। उपयुक्त महोदय ने संज्ञान लेते हुए इंर्ट का कंट्रोल रेट जो कि पहले 5500 था को बढ़कर 6200 प्लस जीएसटी कर दिया है। उपायुक्त ने भट्ठा मालिकों को हिदायत दी की हरियाणा सरकार के काम में जो भी ईंट सप्लाई होगी वह एक नंबर की और बढ़िया क्वालिटी की होनी चाहिए। इस बात का भट्ठा मालिक विशेष ध्यान रखें एवं भट्ठा मालिकों ने इस बात का समर्थन किया। उपायुक्त को विश्वास दिलाया कि अव्वल दर्जे की इंटें सप्लाई की जाएगी। इस मौके पर रामफल चहल, सुभाष बंसल, नवीन गर्ग, जसबीर सिंह, संदीप बंसल, ओम प्रकाश गर्ग, राममेहर, संजय, पानू आदि मौजूद थे।

## कानूनी साक्षरता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एमडीएन ग्लोबल स्कूल अव्वल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा छात्र कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के तहत, ब्लॉक स्तर की कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमेटी चैक, कैथल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना और उन्हें उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बनाना है। विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें भाषण, निबंध लेखन, और प्रश्नोत्तरी शामिल थीं।

कानूनी मुद्दों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एमडीएन ग्लोबल स्कूल ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कैथल जिले के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों की 10 टीमों ने भाग लिया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बाद, हमारे मेधावी छात्र रक्षित, दुर्गेश और ईशान की टीम ने बड़े अंतर से जीत हासिल की और जिला स्तर के लिए क्वालीफाई किया। प्रश्नोत्तरी में शामिल कानूनी विषयों में मौलिक अधिकार, भारतीय संविधान, उपभोक्ता अधिकार, बाल श्रम और साइबर कानून जैसी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल थी।


कैथल। एमडीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक डॉ. विनोद कुमार खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो:हरिभूमि

एमडीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक डॉ. विनोद कुमार और चेयर पर्सन निधि ने उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी छात्रों को बधाई दी। प्रबंधक, श्री गौरव गर्ग और प्राचार्य, डॉ. संत कौशिक ने विजेता टीम का स्वागत पुष्पगुच्छ और मेरिट प्रमाणपत्रों के साथ किया और उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल स्कूल के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह छात्रों को आगे की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करें।

### ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जागरूक



**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, एचसी गुरलाल, महिला सिपाही रीतु तथा होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा गांव पीडल, कांगथली, सरौला, चीका, खुशहाल माजरा, कल्लर माजरा व खम्भेड़ा में आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी।

### बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया



**राजौंद।** आदर्श स्कूल जाखौली में विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बच्चों को बताया कि मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ।

### 2002 में लगे समस्त चालक नहीं लेंगे घेराव में हिस्सा

**कैथल।** 14 जुलाई को रोडवेज यूनियनों द्वारा परिवहन मंत्री की कोठी के घेराव कार्यक्रम में 2002 में लगे चालक हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने हड़ताल में शामिल होने से इंनकार कर दिया है। कैथल डिपो में तैनात चालक रमेश कुमार, सत्यवान, बलराज सिंह, खुशी राम, हक्म सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी जगतार सिंह व बीर सिंह ने बताया कि हम चालक 2002 में भर्ती हुए थे और एक भर्ती 2003 में हुई थी। जो दोनों ही भर्ती अखबार में विज्ञापन निकालकर सरकार ने अनुबंध आधार पर की थी। सरकार के साथ मिलकर 2003 वाले चालकों को तो नियुक्ति तिथि से पक्का कर दिया और हमें कुछ कर्मचारियों द्वारा मात्र नारेबाजी कर लिया रख लिया। जब भी सरकार के पास मांग पत्र जाता तो उनका कोई जिक्र नहीं होता। वे जो 14 जुलाई को घेराव की आवाज आई है, उसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 2003 की भांति 2002 वालों को भी लाभ दिया जाए। 2003 के कर्मचारी पेंशन धारक है। वे पेंशन धारक भी नहीं है।

### वकील समाज के सबसे बुद्धिजीवी वर्ग के लोगः सिंह

**गुहला-चीका।** गुहला विधायक ईश्वर सिंह ने गुहला बार का दौरा किया, जहां बार के प्रधान सुरेंद्र हांडा सहित दर्जनों वकीलों ने पुष्प गुच्छा भेंटकर उनका जोरदार अभिनन्दन किया। विधायक ने बार की मांग पर पुस्तकालय आदि के लिए 15 लाख रुपए ग्रांट देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में ईश्वर सिंह वकीलों को कहा कि उनकी गिनती समाज के सबसे बुद्धिजीवी वर्ग में होती है इसलिए उन्हें कोर्ट से बाहर आम जनता के हितों का सरोकार भी रखना चाहिए। विधायक ईश्वर सिंह ने गुहला के विकास का जिक्र किया और कहा कि जब वे 1977 में विधायक थे, तो गुहला को सब डिवीजन बनाने के साथ साथ यह कोर्ट कम्पलैक्स, एस.डी.एम. कार्यालय एवं तहसील कार्यालय आदि सभी उन्हीं की देन हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां मिनी सचिवालय का भी शिलान्यास किया जाएगा, जिसमें सभी सरकारी सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध हो जाएंगी। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा इन्सान के जीवन का बहुत ही कीमती हिस्सा है।

## नालों की सफाई की मांग उठाई

- नालों की सफाई को लेकर नपा सचिव को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी के मुख्य बाजार में जरा सी बारिश हो जाने पर पानी ही पानी हो जाता है। नाले अवरुद्ध होने की वजह से कई बार अधिक बारिश होने पर पानी दुकानों में घूस जाता है। जिससे दुकानदारों का हजारों रुपए का नुकसान हो जाता है। रोष स्वरूप बाजार के दुकानदार एकत्रित हुए और उन्होंने अपनी समस्या समाजसेवी विकास तंवर को सुनाई। जिसके बाद विकास तंवर दुकानदारों को लेकर नगरपालिका कार्यालय में गए और उन्होंने अपनी मांगों का एक ज्ञापन नपा सचिव अशोक कुमार को सौंपा और मांग की कि बारिश के मौसम को देखते हुए एक दो दिन में ही सभी नालों की सफाई करवाई जाए, अन्यथा वे स्वयं सभी नालों की सफाई करवाएंगे।


पूंडरी। पूंडरी नगरपालिका सचिव को मांग पत्र सौंपते हुए विकास तंवर।

### जल्द से जल्द सफाई करवा दी जाएगी

नालों की नियमित रूप से सफाई करवाई जाती है। अभी जिस मार्केट में नालों की सफाई करवाने बारे बताया गया है, उसकी शीघ्र ही मजदूर लगाकर सफाई करवा दी जाएगी। बारिश में एकदम से पानी जमा हो जाता है, जिसे निकालने में कुछ समय तो लगता ही है।
अशोक कुमार, सचिव नगरपालिका पूंडरी।

## एनआईआईएलएम विवि में जनसंख्या दिवस मनाया


कैथल। विश्वविद्यालय में उपस्थित पदाधिकारी। फोटो:हरिभूमि

**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के तत्वाधान में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। जिसमें वक्ता के रूप में डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर आर.के. गुप्ता ,डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ. संदीप सिहाग एवं डॉक्टर पवित्रा ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ. महेंद्र मुंडे एवं प्राध्यापक अमरजीत सिंह रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. प्रीति जांगड़ा ने किया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने वैश्विक स्तर पर बढ़ती हुई जनसंख्या की प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की और जनसंख्या दिवस वैश्विक स्तर पर बनाए जाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती हुई जनसंख्या के विकास संबंधी मुद्दों एवं पर्यावरण विकास संबंधी जागरूकता बढ़ाने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

### हनुमान वाटिका में पौधरोपण कल

**कैथल।** शाइनिंग इंडिया फाऊंडेशन फॉर ग्लोबल वेलफेयर की बैठक निदेशक सुशील बंसल की अध्यक्षता में उनके अंबाला रोड स्थित प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में फाउंडेशन द्वारा किए जाने वाले समाज सेवा के कार्यों को लेकर विचार विमर्श किया गया । विशेष बैठक में शाइनिंग इंडिया के चेयरमैन गौरव मित्तल अधिवक्ता, प्रधान देवेंद्र गोयल, निदेशक पंकज बंसल, महासचिव डॉ. विजय कंसल, उप प्रधान लविश मित्तल, निशांत खुरानिया, पीआरओ डॉ अतुल चानना, कोषाध्यक्ष सुनील चुघ वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण गुप्ता, भरत आदि ने भाग लिया । बैठक में फैसला लिया गया कि शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन द्वारा सर्वप्रथम 14 जुलाई को हनुमान वाटिका में 101 पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

### खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता आयोजित

## स्लोगन लेखन में टटियाना का स्कूल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

बृहस्पतिवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य श्याम लाल ने किया। प्रतियोगिता में बीईओ ओम प्रकाश ने विशेष तौर पर शिरकत करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया। बीईओ ने छात्राओं को लीगल लिट्रेसी का महत्व बताते हुए कहा कि इससे छात्रों को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान स्किट में राकवमावि चीका, डिबेट में रावमाविपीडल, क्विज में राकवमा विद्यालय चीका, कविता गायन में रा.क.व.मा.विद्यालय चीका, पेंटिंग में रा.व.मा. विद्यालय गुहला, स्लोगन लेखन में रा.व.मा.विद्यालय टटियाना, पीपीटी में रा.मा.व.मा. विद्यालय चीका प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं में ऊषा रंगा, नरेश, हरजीत सिंह, सुनीता, पूजा, सत्यनारायण, अनिल कुमार, रानी देवी, रेखा रानी, संजीव कुमार, राज कुमार, सुमन ने जज की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान लीगल लिटरेसी सेल के ब्लॉक इंचार्ज गुरविंदर सिंह, सिमरनजीत सिंह, परमजीत सिंह, गुरलाल सिंह, गुरजीत कौर, सीमा, एनएसएस इंचार्ज संतोष भी मौजूद रही।


गुहला चीका। खंड स्तरीय लिगल लिटरेसी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र।

## भारतीय किसान सभा ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

यहां अखिल भारतीय किसान सभा ने गुहला के एसडीएम कृष्ण कुमार को मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम एक ज्ञापन सौंपा और उन्हें मालिकाना हक देने की मांग की। किसान सभा ने एस.डी.एम. को दिए एक ज्ञापन में बताया कि आबादकार पट्टेदार पिछले 70 सालों से उक्त भूमि पर खेती कर रहे हैं और काशत की जमीन की लीज मनी भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद पट्टेदारों को हर समय जमीन से बेदखल करने व उजाड़े जाने का भय बना रहता है, जबकि लीज मनी के जरिए अब तक पट्टेदार किसान जमीन की कीमत अदा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भी पट्टेदारों को मालिकाना हक देने की बात करती है। परंतु पट्टेदारों द्वारा समय पर लीज भरने के बावजूद ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां प्रशासन पट्टेदारों को जमीन से बेदखल कर उजाड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में प्रार्थना कि उनकी सभी मुख्य मांगों को पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि तत्कालीन सरकार अलग अलग तारीखों में किसानों को 99 वर्षीय पट्टे पर जमीन काश्तकार को देने का प्रावधान कर चुकी है।


गुहला-चीका। मालिकाना हक देने को लेकर एसडीएम गुहला को ज्ञापन सौंपते हुए किसान सभा के सदस्य। फोटो:हरिभूमि

### अग्निवीर के लिए आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के योग्य युवाओं की भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है, जिसके लिए इन राज्यों के अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र युवा व युवतियां 8 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसे युवा जिनका जन्म 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है, आवेदन करने के लिये पात्र हैं। आवेदक पुरुष एवं महिला अविवाहित होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### कुटिया शांत सरोवर में दरबार का शुभ मुहूर्त

**सफीदों ।** श्री योग अनुभव सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के चन्नी चौंक स्थित कुटिया शांत सरोवर में शुक्रवार को भव्य दरबार का शुभ मुहुर्त संपन्न हुआ। इस पुनित अवसर पर संत सुखदेवानंद महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने शिरकत की।

### अकादमी में प्रशिक्षण लेने आई युवती लापता

**कैथल।** कैथल के ढांड रोड स्थित एक ब्यूटी से संबंधित अकादमी से एक 22 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। गांव नरवलगढ़ की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी 22 वर्षीय बेटी कैथल की दान रोड स्थित एक अकादमी में प्रशिक्षण लेने के लिए आती है। आरोप है कि वह 10 जुलाई को प्रशिक्षण लेने कैथल आई लेकिन इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी।

### कैडेट्स के व्यक्तित्व में आएगा बदलाव

**जींद ।** 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी की तरफ से चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय में चलाए जा रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार को कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने शिरकत की। एनसीसी कैडेट्स ने गुरप कमांडर का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया।

### बाबा रोड़ा के धार्मिक स्थल की तैयारियां शुरू

**राजौंद।** निकटवर्ती गांव दुड़ाना में स्थित बाबा रोड़ा के धार्मिक स्थल पर 18 जुलाई को लगने वाले विशाल मेले की तैयारियां जोरों पर है। गांव में 16 जुलाई को बाबा रोड़ा के स्थान पर अखंड पाठ का शुभारंभ होगा। लगातार लग रहे इस मेले में दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा रोड़ा के स्थान पर मत्था टेककर मन्नतें मांगते हैं।

### कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल

**जींद ।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ का रा'य स्तरीय नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 14 जुलाई को शहर के सफीदों रोड स्थित संत रविदास धर्मशाला में होगा। जिला प्रधान सत्यवान, जिला सचिव राजेश राठी और प्रचार सचिव राममेहर बीबीयन ने बताया कि समारोह के मुख्यातिथि सेवानिवृत उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार आर्य होंगे।

### हलका स्तरीय बैठक 14 को अलेवा में

**जींद ।** रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ सैलद्ध के जिला प्रधान ओमसिंह खोखरी ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के गठन के बाद अब रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ (सैल) की हल्का स्तर की इकाईयों का गठन किया जाएगा। इस कड़ी में उचाना हलका की ईकाई गठन के लिए 14 जुलाई को अलेवा.चांदपुर लिंक रोड पर सरकारी स्कूल के पास वर्मा फार्म हाऊस में बैठक की जाएगी। केंद्र व प्रदेश सरकार बैंको बोर्डों निगमों से रिटायर्ड कर्मचारी भाग लेंगे।

## उच्चतम मेरिट लिस्ट भी पहली की अपेक्षा कम रही

# कॉलेजों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर दूसरी मेरिट लिस्ट जारी



जींद। दाखिला प्रक्रिया को पूरा करवाते हुए प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

**पहली मेरिट लिस्ट की अपेक्षा दूसरी मेरिट लिस्ट में कम ही विद्यार्थियों का नाम आने से मायूसी हाथ लगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर दूसरी मेरिट लिस्ट शुक्रवार को जारी हुई। पहली मेरिट लिस्ट की अपेक्षा दूसरी मेरिट लिस्ट में कम ही विद्यार्थियों का नाम आया है। वहीं उच्चतम मेरिट लिस्ट भी पहली की अपेक्षा कम है। पहली मेरिट लिस्ट में विभिन्न कॉलेजों में जहां उच्चतम मेरिट लिस्ट 100 के पार थी। वहीं दूसरी मेरिट लिस्ट में उच्चतम मेरिट लिस्ट 85 से 90 प्रतिशत तक रही। मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी 15 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। जिलेभर के 17 राजकीय व निजी कॉलेजों में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। जबकि इस बार 12वीं कक्षा में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व सीबीएसई से लगभग 16 हजार विद्यार्थी पास आउट हुए हैं। आवेदन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित सीटों पर दो से तीन गुना आवेदन आए थे। आवेदन प्रक्रिया के दौरान लग रहा था कि कॉलेज में दाखिले को लेकर मारामारी रहेगी लेकिन जहां पहली मेरिट में लगभग 40 प्रतिशत सीट ही भर पाई, वहीं दूसरी मेरिट लिस्ट में भी खाली सीटों पर एक तिहाई विद्यार्थियों के ही नाम आए हैं। ऐसे में कॉलेजों की दाखिला कमेटी खाली सीटों को भरने के लिए फिजिकल काउंसलिंग पर निर्भर रहेगी। दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद कॉलेजों में सीट खाली रहने पर 17 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग होगी। रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा 17 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। 17 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक नए आवेदन व पहले किए गए आवेदनों में संसोधन कर सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं। वहीं 25 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि दूसरी मेरिट लिस्ट में कम ही विद्यार्थियों का नाम आया है। फिजिकल काउंसलिंग में दाखिले के लिए विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। राजकीय पीजी कॉलेज में निर्धारित 1550 सीटों पर दूसरी मेरिट लिस्ट के लिए 914 सीट खाली थी, जिसमें से 344 विद्यार्थियों का नाम आया है।

| | | |
|---|---|---|
| *बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस* | | |
| आल इंडिया | 72.80 | 59.80 |
| *संकाय. बीएससी लाइफ साइंस* | | |
| आल इंडिया | 84.20 | 82.40 |
| हरियाणा जनरल | 81.60 | 70.20 |
| एससी | 68.00 | |
| बीसीए | 63.80 | 63.40 |
| *संकाय बीए 'योग्राफी* | | |
| आल इंडिया | 88.80 | 86.40 |
| हरियाणा जनरल | 82.40 | 66.80 |
| संकाय बीकॉम | | |
| आल इंडिया | 68.80 | |
| *संकाय बीसीए* | | |
| आल इंडिया | 90.20 | 86.00 |
| हरियाणा जनरल | 85.60 | 79.40 |
| बीसीए | 75.80 | |
| *बीएससी फिजिक्स* | | |
| आल इंडिया | 72.80 | 70.40 |
| *संकाय बीए इंग्लिश* | | |
| आल इंडिया | 88.80 | 76.60 |
| हरियाणा जनरल | 60.20 | |

### राजकीय महाविद्यालय में मेरिट लिस्ट का ब्योरा

संकाय बीए आर्ट्स

| कैटगरी प्रतिशत | अधिकतम प्रतिशत | न्यूनतम |
|---|---|---|
| ऑल इंडिया | 89.60 | 82.40 |
| हरियाणा जनरल | 82.40 | 76 |
| एआइओइडब्लयूएस | 67.40 | 59.40 |
| एससी | 73.40 | 52 |
| डीएससी | 75.80 | 46. 20 |
| बीसीए | 75.00 | 56.60 |
| बीसीबी | 74.80 | 58.20 |
| संकाय बीकॉम आल इंडिया | 82.20 | 55.00 |
| हरियाणा जनरल | 53.80 | 51.80 |
| *संकाय बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस* | | |
| आल इंडिया | 71.00 | 70.20 |
| हरियाणा जनरल | 69.40 | 55.40 |
| संकाय बीसीए | | |
| आल इंडिया | 86.60 | 78.60 |
| हरियाणा जनरल | 77.80 | 82.80 |
| एआइओइडब्लयूएस | 77.00 | 75.80 |
| एचओजीसीइडब्ल्यूएस | 67.60 | 67.40 |
| एससी | 68.60 | 37.60 |
| डीएससी | 60.20 | |
| बीसीए | 77.80 | 69.20 |
| बीसीबी | 65.20 | 62.60 |
| *संकाय बीए आर्ट्स अंग्रेजी कैटगरी अधिकतम न्यूनतम* | | |
| आल इंडिया | 84.20 | 80.60 |
| हरियाणा जनरल | 80.40 | 64.40 |
| एआइओईडब्लयूएस | 59.40 | |
| बीसीए | 56.60 | |
| *संकाय. बीए 'योग्राफी* | | |
| आल इंडिया | 84.20 | 81.00 |
| हरियाणा जनरल | 75.80 | 63.80 |
| एचओजीसीइडब्ल्यूएस | 59.40 | |
| डीएससी | 62.80 | 56.40 |
| *संकाय. बीए हिस्ट्री* | | |
| आल इंडिया | 73.60 | 57.60 |
| हरियाणा जनरल | 51.80 | |
| *संकाय बीबीए* | | |
| आल इंडिया | 74.80 | 71.80 |
| हरियाणा जनरल | 70.00 | 62.40 |
| *राजकीय महिला महाविद्यालय की मेरिट लिस्टसंकाय बीए आर्ट्स* | | |
| आल इंडिया | 92.40 | 86.40 |
| हरियाणा जनरल | 86.20 | 78.20 |
| एससी | 77.00 | 66.60 |
| डीएससी | 77.60 | 68.80 |
| बीसीए | 78.00 | 63.80 |
| बीसीबी | 74.60 | |



सफीदों। रोष प्रकट करते हुए अनुबंधित विद्युत कर्मचारी।

### अनुबंधित विद्युत कर्मियों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा मांग-पत्र

- विधानसभा सत्र में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी मांगों को पूरे जोर-शोर से उठाया जाएगा

**सफीदों।** अनुबंधित विद्युत कर्र्मचारी संघ हरियाणा की सफीदों इकाई शुक्रवार को सफीदों विधायक सुभाष गांगोली से मिली व अपनी मांगों लेकर एक ज्ञापन विधायक को सौंपा। विधायक सुभाष गांगोली ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी मांगों को पूरे जोर-शोर से उठाया जाएगा। अनुबंधित कर्मचारियों ने कहा कि फिलहाल व प्रत्येक क्षेत्र में विधायकों व सांसदों को अपना मांग-पत्र सौंप रहे है। उसके बाद 16 जुलाई को चंडीगढ़ में नायब सैनी को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। अगर उनकी मांगों को नहीं माना जाता तो वह 29 जुलाई से करनाल में अपना प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। अनुबंधित कर्मचारी ने कहा कि उनके कर्मचारी आए दिन हादसों के शिकार हो रहे हैं। सैकड़ों अनुबंधित कर्मचारी अपनी जान गवा चुके हैं। प्रदेश के सैकड़ों कर्मचारी अंग-भंग हो चुके हैं। संगठन बार-बार मांग को लेकर के शासन में प्रशासन मिलकर मांगों के प्रति अवगत करवा चुका है। लेकिन मांगे पूरी नहीं की जा रही है।

## इंडस स्कूल की छात्रा कनुप्रिया ने फेंसिंग कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में जीता कांस्य

- कनुप्रिया की उपलब्धि पर इंडस में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



कनुप्रिया

इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा कनुप्रिया ने न्यूजीलैंड में चल रही फेंसिंग कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर जिले और देश का नाम रोशन किया है। क्वार्टर फाइनल में अस्ट्रेलिया की रिन को 15-9 से हरा कर कांस्य पदक जीता। फेंसिंग कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप 12 जुलाई से न्यूजीलैंड में आयोजित हुई। यह भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यक्तिगत फॉइल इवेंट में पहला पदक है। कनुप्रिया की इस उपलब्धि से इंडस पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने कनुप्रिया, अभिभावकों एवं प्रशिक्षक को बधाई देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेकर अपना विशेष स्थान बना रहे हैं। उन्होंने अन्य बच्चों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से हमारे अंदर आत्मविश्वास, एकाग्रता और मेल-जोल की भावना बढ़ती है। इसलिए आज के विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ खेलों में भी विशेष स्थान बनाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बच्चों में उत्साह जागृत करते हुए कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल में डीएसओ रामपाल हुड्डा की देखरेख में हरियाणा खेल नर्सरी के तहत कोच मन्नू नैन और आदित्य द्वारा निशुल्क तलवारबाजी सिखाई जाती है। इस प्रकार के खेलों के माध्यम से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है एवं बच्चों के हुनर का पता चलता है। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

### दुकानदारों के खिलाफ भाजपा सरकार ने रचा बड़ा षड्यंत्र : रघुबीर

**जींद ।** हरियाणा कांग्रेस प्रदेश कमेटी सदस्य रघुबीर भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने चंद उद्योगपति मित्रों के इशारे पर देश के तमाम मध्यम और लघु उद्योगों को खत्म करने के लिए ऐसे निर्णय लिये, जिसके कारण करोड़ों दुकानदारों के सामने घर का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। नोटबंदी और जीएसटी की जटिल प्रक्रिया दुकानदारों के खिलाफ बड़ा षड़यंत्र है। भाजपा सरकार ने जीएसटी की जटिल प्रक्रिया इसलिए तय की थी कि मध्यम और लघु उद्योग चलाने वाले लोग अपने कारोबारों को बंद कर दें। जीएसटी प्रक्रिया के कारण दुकानदार कागजी कार्रवाई में ही उलझा रहता है। ऐसे में महज चंद उद्योगपति मित्र ही इस देश के कारोबारों पर अपना आदिपत्य स्थापित कर सके।

## इंडस स्कूल में कैंसर जागरूकता कैंप

- कैंप में 200 से अधिक स्टाफ सदस्यों ने परीक्षण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शिविर में जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कैंसर जागरूकता कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें राजीव गांधी कैंसर संस्थान दिल्ली के डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें दिल्ली से ओरल सर्जन डा. बृजेश, जूनियर रेजिडेंट गायानी विभाग डा. मुस्कान, गगनदीप शामिल रहे। उप प्रबंधक अपने नसिंर्ग स्टाफ मोनिका, 'योति और डॉक्टरों की टीम द्वारा ईएनटी, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की मुफ्त जांच की गई। इस कैंप में 200 से अधिक स्टाफ सदस्यों (शिक्षण और गैर शिक्षण) ने अपना परीक्षण करवाया। कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों को डॉक्टरों के पैनल द्वारा संबोधित किया गया। जिसमें हमारे छात्रों को साक्ष्य-आधारित जानकारी फैलाने के लिए कहा कि अपने परिवारों और पड़ोस में कैंसर के खतरे को कम करने के लिए साकारात्मक कार्रवाई करने में सही ढंग से मदद करें।



कैथल। कलायत में एसडीओ अंकित कुमार को ज्ञापन सौंपते बिजली कर्मचारी

### बिजली कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**कलायत।** कलायत बिजली उप मंडल निगम कार्यालय में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों ने अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने एसडीओ अंकित कुमार को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों की रहनुमाई संगठन सचिव सतलाल ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चारों बिजली निगमों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों के महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान जरूरी है। कर्मी अपना हक मांग रहे हैं। इसलिए सरकार को बिना विलंब इनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। हालांकि इन मुद्दों को लेकर कई बार बातचीत भी हुई है। हर बार इनका समाधान जल्दी ही कर देने का आश्वासन दिया गया। अभी तक हुआ कुछ नहीं। परिणमस्वरूप यूनियन के आह्वान पर सब यूनिट कलायत कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए रोष व्यक्त किया और मांगों का ज्ञापन दिया।

## इंडस जूनियर विंग में पेपर बैग-डे सेलिब्रेशन किया

- बच्चों को पीपीटी के माध्यम से भी प्लास्टिक बैग के दुष्प्रभाव बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए शुक्रवार को पेपर बैग-डे धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक बैग्स के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देना था। बच्चों को पीपीटी के माध्यम से भी प्लास्टिक बैग के दुष्प्रभाव से बचने के लिए पेपर बैग प्रयोग करने के बारे में समझाया गया। जिसमें उन्हें प्लास्टिक के धीमी गति से नष्ट होने और हमारे जीवन में होने वाले नुकसान को उजागर किया गया। बच्चों ने अपने स्वयं के पेपर बैग बनाने और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल सजाने जैसी गतिविधियों में भी भाग लिया। पेपर बैग-डे हमारे बच्चों को पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगा कर और प्लास्टिक का उपयोग ना करते हुए पेपर बैग को अपनाते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग दे सकते हैं।



कैथल। डीएवी स्कूल के समूह नृत्य में भाग लेने वाले छात्र प्राचार्या साधना बख्शी के साथ।

### डीएवी स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तरीय समारोह में समूह नृत्य प्रस्तुत किए

**पूंडरी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा पंचकूला के इंद्रधनुष स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के महामहिम रा'यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्य रूप से आमंत्रित थे। इस समारोह में प्रदेशभर के स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। समारोह में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विशेष रूप से समुह नृत्य में अपनी प्रस्तुति दी। स्कूल में विशेष रूप से जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने इस कार्यक्त्रम में समूह नृत्य में शानदार प्रस्तुति देने पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान का स्वागत किया। इस समारोह में समूह नृत्य में भाग लेने वाले स्कूल के बच्चों सहित स्टॉफ सदस्यों को बधाई दी और कहा कि राज्य स्तरीय समारोह में स्कूल से बच्चों द्वारा समूह नृत्य में प्रस्तुति देना अपने आप में सराहनीय कदम है।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कैथल के खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक, सुरजेवाला ने सम्मानित किया



**कैथल ।** ओड़िशा (कटक) के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मै दिनांक 28 से लेकर 30 जून राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कैथल की फ्रीस्टाइल ग्रुप में रिंकू,अनिल, भूपेंद्र,बलदेव,शीतल,बत्तेरी,गौरव ने हरियाणा की तरफ से खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। कैथल पहुंचने पर रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सम्मानित किया। इस मौके पर बन्टू राम,अंतु राम,गुरुबचन ने बच्चों को उनके उज्वल भविष्य कि कामना की। यह सभी बच्चे विक्रम सिंह कादयान के पास अभ्यास करते हैं और वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### किसान न्याय चौपाल का कार्यक्रम आज

**जींद।** अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में शनिवार को जींद की अर्बन एस्टेट कॉलोनी की जाट धर्मशाला में किसान न्याय चौपाल कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी दीपक बावरिया मुख्य अतिथि होंगे। वह किसानों के साथ बैठ कर किसानों के लिए कर्ज माफी और एमएसपी पर किसानों की फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बनाने समेत दूसरे अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। किसान न्याय चौपाल में बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य और किसान न्याय चौपाल के संयोजक बलजीत रेढू ने बताया कि दीपक बावरिया इस कार्यक्रम में किसानों से उनकी समस्याएं जानेंगे।

## सुबह 8: 45 मिनट पर ही सभी 10 काउंटर खोल दिए जाते

# हैप्पी कार्ड बांटने को रोडवेज लेगा पंचायतों का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रोडवेज विभाग ने अब हैप्पी कार्ड लेने के लिए पंचायतों का भी सहायता लेनी शुरू कर दी है, ताकि हर लाभार्थी तक रोडवेज का हैप्पी कार्ड पहुंच सकें। पंचायतें सुबह व शाम के समय गांव- गांव मंदिरों व चौकीदारों से मुनियादी करवाकर हैप्पी कार्ड के लाभार्थियों तक सूचना पहुंचा रही है कि बस स्टैंड से हैंप्पी कार्ड लेकर जाएं और एक हजार किलोमीटर तक फ्री में सफर करें। वहीं रोडवेज विभाग बस स्टैंड परिसर पर हैप्पी कार्ड वितरण के साथ- साथ मोबाइल फोन पर संदेश व कॉल कर लाभार्थियों को बुला रहा है। सुबह 8: 45 मिनट पर ही संबंधित विभाग की तरफ से हैप्पी कार्ड के सभी 10 काउंटर खोल दिए जाते हैं व देर सांय सात बजे तक काउंटरों पर कार्ड दिए जाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी लाभार्थी को कार्ड लेने में परेशानी न आए। बता दें कि योजना के तहत जब हैप्पी कार्ड बस स्टैंड पर मिलना शुरू हुए तभी से काउंटरों पर भीड़ शुरू हो गई थी। जिले में इस योजना के तहत 91 हजार हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन आए थे। इनमें से 82 हजार के हैप्पी कार्ड बनकर आ गए हैं। इसमें से रोडवेज विभाग की तरफ से 37 हजार से ज्यादा हैप्पी कार्ड वितरित कर दिए गए है।



कैथल। कैथल बस स्टैंड पर हैप्पी कार्ड लेने वालों की लगी भीड़। फोटो : हरिभूमि

### जल्दी-जल्दी बस स्टैंड कार्यालय में आकर लोग ले हैप्पी कार्ड

शनिवार व रविवार को भी सुबह 8:45 से लेकर शाम सात बजे तक कार्ड बांटे जाएंगे। जल्दी-जल्दी बस स्टैंड कार्यालय में आकर लोग हैप्पी कार्ड लें। कार्ड वितरण के लिए 10 काउंटर लगाए हुए हैं। सभी काउंटरों पर रोजाना हैप्पी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। किसी भी लाभार्थी को कार्ड वितरण में परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

### सफर के दौरान कंडक्टर को दिखाना होगा पहचान पत्र

हैप्पी कार्ड पर सफर करते समय अब लाभार्थी को कंडक्टर व चेकिंग स्टॉफ को अपनी कोई पहचान पत्र दिखाना होगा। बता दें कि पहचान पत्र में आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य डॉक्यूमेंट दिखा सकता है। बता दें कि पिछले दिनों विभाग को शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग दूसरे के हैप्पी कार्ड पर सफर कर विभाग के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे है। इसके बाद परिवहन निदेशालय के उच्चाधिकारियों के आदेश पर पहचान पत्र साथ में रखना जरूरी कर दिया है। इससे यात्री को भी यात्रा में परेशानी नहीं आएगी। वह रोडवेज विभाग के राजस्व को भी नुकसान नहीं पहुंचेंगा। कैथल जिले में रोजाना 185 बसें रोडवेज विभाग की चलती है।